**Series : RPQ5S**

**SET ~ 2**

रोल नं.

Roll No.

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |

**प्रश्न-पत्र कोड**
**Q.P. Code** **64/5/2**

# भूगोल (सैद्धान्तिक)
# GEOGRAPHY (Theory)

*निर्धारित समय : **3** घण्टे* *अधिकतम अंक : **70***

*Time allowed : **3** hours* *Maximum Marks : **70***

**नोट / NOTE** []

(I) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **23 + 2** मानचित्र हैं।

Please check that this question paper contains **23** printed pages + **2** Maps.

(II) प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।

Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.

(III) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **30** प्रश्न हैं।

Please check that this question paper contains **30** questions.

(IV) **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में यथा स्थान पर प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।**

**Please write down the Serial Number of the question in the answer-book at the given place before attempting it.**

(V) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा। 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।

15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the candidates will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

**सामान्य निर्देश :**

*निम्नलिखित निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उनका पालन कीजिए :*

*(i)* इस प्रश्न-पत्र में **30** प्रश्न हैं। **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं।

*(ii)* प्रश्न-पत्र **पाँच** खण्डों में विभाजित है – **खण्ड क, ख, ग, घ** एवं **ङ**।

*(iii)* **खण्ड क** – प्रश्न संख्या **1** से **17** तक बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **1** अंक का है ।

*(iv)* **खण्ड ख** – प्रश्न संख्या **18** एवं **19** स्रोत-आधारित प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **3** अंकों का है।

*(v)* **खण्ड ग** – प्रश्न संख्या **20** से **23** तक लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **3** अंकों का है। इन प्रश्नों के उत्तर *80* से *100* शब्दों में लिखा जाना चाहिए।

*(vi)* **खण्ड घ** – प्रश्न संख्या **24** से **28** तक दीर्घ-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **5** अंकों का है। इन प्रश्नों के उत्तर *120* से *150* शब्दों में लिखा जाना चाहिए।

*(vii)* **खण्ड ङ** – प्रश्न संख्या **29** एवं **30** मानचित्र-आधारित प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **5** अंकों का है।

*(viii)* इसके अतिरिक्त, ध्यान दें कि दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए चित्र तथा मानचित्र आदि आधारित प्रश्नों के स्थान पर एक अन्य प्रश्न दिया गया है। इन प्रश्नों के उत्तर केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थी ही लिखें।

*(ix)* प्रश्न-पत्र में समग्र विकल्प नहीं दिया गया है। यद्यपि, खण्ड क और ख के अतिरिक्त सभी खण्डों के कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प का चयन दिया गया है।

**खण्ड क**

*प्रश्न संख्या **1** से **17** बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न हैं।* *17×1=17*

**1.** 'वृद्धि' की निम्नलिखित विशेषताओं को ध्यानपूर्वक पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए :

I. वृद्धि समय के संदर्भ में मात्रात्मक परिवर्तन है।

II. वृद्धि सदैव विकास की ओर ले जाती है।

III. वृद्धि मूल्य निरपेक्ष अवधारणा है।

IV. वृद्धि के मूल्य धनात्मक या ऋणात्मक होते हैं।

**विकल्प :**

(A) केवल I, II और III सही हैं। (B) केवल I, II और IV सही हैं।

(C) केवल II, III और IV सही हैं। (D) केवल I, III और IV सही हैं।

***General Instructions :***

*Read the following instructions carefully and follow them :*

*(i)* *This question paper contains* ***30*** *questions.* ***All*** *questions are* ***compulsory****.*

*(ii)* *Question paper is divided into* ***five*** *sections –* ***Sections A, B, C, D*** *and* ***E****.*

*(iii)* ***Section A*** *– Question nos.* ***1*** *to* ***17*** *are Multiple Choice Type Questions. Each question carries* ***1*** *mark.*

*(iv)* ***Section B*** *– Question nos.* ***18*** *and* ***19*** *are Source-based Questions. Each question carries* ***3*** *marks.*

*(v)* ***Section C*** *– Question nos.* ***20*** *to* ***23*** *are Short Answer Type Questions. Each question carries* ***3*** *marks. Answer to these questions shall be written in 80 to 100 words.*

*(vi)* ***Section D*** *– Question nos.* ***24*** *to* ***28*** *are Long Answer Type Questions. Each question carries* ***5*** *marks. Answer to these questions shall be written in 120 to 150 words.*

*(vii)* ***Section E*** *– Question nos.* ***29*** *and* ***30*** *are Map-based Questions. Each question carries* ***5*** *marks.*

*(viii)* *In addition to this, note that a separate question has been provided for Visually Impaired candidates in lieu of questions having visual inputs, map etc. Such questions are to be attempted by Visually Impaired candidates only.*

*(ix)* *There is no overall choice given in the question paper. However, an internal choice has been provided in a few questions in all sections other than Section A and B.*

## SECTION A

*Question nos.* ***1*** *to* ***17*** *are Multiple Choice Type Questions.* *17×1=17*

**1.** Read the following characteristics of 'growth' carefully and choose the correct option :

I. Growth is quantitative change over time.

II. Growth always leads to development.

III. Growth is a value neutral concept.

IV. Growth has positive or negative value.

**Options :**

(A) Only I, II and III are correct. (B) Only I, II and IV are correct.

(C) Only II, III and IV are correct. (D) Only I, III and IV are correct.

**2.** निम्नलिखित में से कौन मानव विकास के 'क्षमता उपागम' से संबंधित है ?

(A) महबूब-उल-हक

(B) अमर्त्य सेन

(C) एहरलिच

(D) मीडोस

**3.** कुछ देश 'मानव विकास' का उच्च स्तर क्यों कायम रखे हुए हैं ? सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए :

(A) इस प्रकार के देश सामाजिक क्षेत्रक में अधिक निवेश करते हैं।

(B) इस प्रकार के देश सामान्यत: राजनीतिक स्थायित्व में धनी हैं।

(C) इस प्रकार के देश आर्थिक क्षेत्रक में अधिक निवेश करते हैं।

(D) इस प्रकार के देश सामान्यत: सांस्कृतिक स्थायित्व में धनी हैं।

**4.** नगरीय विपणन केंद्रों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सी विशेषताएँ सत्य हैं ? सही विकल्प का चयन कीजिए।

I. नगरीय विपणन केंद्रों पर सामान्य तथा विशिष्टीकृत वस्तुएँ और सेवाएँ उपलब्ध होती हैं।

II. ये केंद्र उच्च-स्तरीय (धनी) उपयोगकर्ताओं के लिए विशिष्टीकृत हैं।

III. ये सुविकसित व्यक्तिगत और व्यावसायिक सेवाएँ प्रदान करते हैं जो आम जनता के लिए सस्ती हैं।

IV. इनमें से अधिकांश केंद्र शिक्षा, चिकित्सा और अन्य सेवाओं के लिए विशिष्टीकृत हैं।

**विकल्प :**

(A) केवल I, II और III

(B) केवल I, II और IV

(C) केवल I, III और IV

(D) केवल II, III और IV

**5.** निम्नलिखित में से कौन-सा क्षेत्रक उच्चतम स्तर के निर्णय लेने में शामिल है ?

(A) प्राथमिक क्षेत्रक (B) द्वितीयक क्षेत्रक

(C) तृतीयक क्षेत्रक (D) पंचम क्षेत्रक

**2.** Who among the following is associated with 'capability approach' to human development ?

(A) Mahbub-ul-Haq

(B) Amartya Sen

(C) Ehrlich

(D) Meadows

**3.** Why do some countries keep on maintaining a high level of 'human development' ? Choose the most appropriate option :

(A) Such countries invest more in social sector.

(B) Such countries are generally rich in political stability.

(C) Such countries invest more in economic sector.

(D) Such countries are generally rich in cultural stability.

**4.** Which of the following characteristics are true regarding urban marketing centres ? Choose the correct option.

I. Urban marketing centres provide ordinary as well as specialised goods and services.

II. These centres are specialised for high end users.

III. They provide well-developed personal and professional services that are affordable to general masses.

IV. Most of these centres are specialised in education, medicine and other services.

**Options :**

(A) Only I, II and III

(B) Only I, II and IV

(C) Only I, III and IV

(D) Only II, III and IV

**5.** Which of the following sector is involved in the highest level of decision making ?

(A) Primary sector
(B) Secondary sector

(C) Tertiary sector
(D) Quinary sector

**6.** नीचे दो कथन दिए गए हैं। ये अभिकथन (A) और कारण (R) हैं। दोनों कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए।

*अभिकथन (A) :* खनन एवं खनिज प्रसंस्करण में विकासशील देश अधिक शामिल हैं।

*कारण (R) :* प्राथमिक रूप से इन देशों की अर्थव्यवस्थाएँ सेवा क्षेत्रक पर आधारित हैं।

**विकल्प :**

(A) दोनों (A) और (R) सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है।

(B) दोनों (A) और (R) सही हैं, लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** है।

(C) (A) सही है, लेकिन (R) ग़लत है।

(D) (A) ग़लत है, लेकिन (R) सही है।

**7.** 'स्वच्छंद उद्योग' की अवस्थिति को निम्नलिखित में से कौन-सा कारक सबसे अधिक प्रभावित करता है ?

(A) सड़कों के जाल द्वारा अभिगम्यता
(B) कच्चे माल की निकटता
(C) ऊर्जा की उपलब्धता
(D) सस्ती श्रम शक्ति

**8.** सही सुमेलित युग्म का चयन कीजिए :

| | *(रेलवे मंडल)* | *(मुख्यालय)* |
|---|---|---|
| (A) | ईस्ट सेंट्रल | भुवनेश्वर |
| (B) | वेस्ट सेंट्रल | मुंबई |
| (C) | नॉर्थ सेंट्रल | गोरखपुर |
| (D) | साउथ सेंट्रल | सिकंदराबाद |

**9.** ग्रामीण विपणन केंद्रों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-से कथन सत्य हैं ? सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए :

I. ये बाज़ार केंद्र की निकटवर्ती बस्तियों का पोषण करते हैं।

II. ये अत्यंत अल्पवर्धित प्रकार के व्यापारिक केंद्रों के रूप में सेवा करते हैं।

III. इन केंद्रों में, व्यक्तिगत और व्यावसायिक सेवाएँ सुविकसित होती हैं।

IV. इन केंद्रों में, अधिकांश सेवाएँ फुटकर प्रकार की हैं।

**विकल्प :**

(A) केवल I, II और III
(B) केवल I, II और IV
(C) केवल I, III और IV
(D) केवल II, III और IV

**6.** Two statements are given below. They are Assertion (A) and Reason (R). Read both the statements carefully and choose the correct option.

*Assertion (A) :* Developing countries are more involved in mining and processing of minerals.

*Reason (R) :* The economies of these countries are primarily based on service sector.

**Options :**

(A) Both (A) and (R) are correct and (R) is the correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are correct, but (R) is ***not*** the correct explanation of (A).

(C) (A) is correct, but (R) is incorrect.

(D) (A) is incorrect, but (R) is correct.

**7.** Which one of the following factors affects the most for location of 'foot loose industries' ?

(A) Accessibility by road network (B) Near to raw material

(C) Power availability (D) Cheap labour force

**8.** Choose the correctly matched pair :

| | *(Railway Zone)* | *(Headquarter)* |
|---|---|---|
| (A) | East Central | Bhubaneswar |
| (B) | West Central | Mumbai |
| (C) | North Central | Gorakhpur |
| (D) | South Central | Secunderabad |

**9.** Which of the following statements are true regarding rural marketing centres ? Choose the most appropriate option :

I. These market centres cater to nearby settlements.

II. These serve as the trading centres of most rudimentary type.

III. At these centres, personal and professional services are well-developed.

IV. At these centres, most of the services are retail in nature.

**Options :**

(A) Only I, II and III (B) Only I, II and IV

(C) Only I, III and IV (D) Only II, III and IV

**10.** निम्नलिखित में से कौन-सा शहरों का युग्म भारत में पूर्व-पश्चिम गलियारे के टर्मिनल स्टेशन हैं ?

(A) इम्फाल और पोरबंदर

(B) इम्फाल और वडोदरा

(C) सिलचर और वडोदरा

(D) सिलचर और पोरबंदर

**11.** कॉलम I का सही मिलान कॉलम II से कीजिए और उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए :

| *कॉलम I (रेलवे मंडल)* | *कॉलम II (मुख्यालय)* |
|---|---|
| a. नॉर्दन | i. चेन्नई |
| b. सदर्न | ii. मुंबई |
| c. ईस्टर्न | iii. नई दिल्ली |
| d. वेस्टर्न | iv. कोलकाता |

**विकल्प :**

(A) a-i, b-iii, c-ii, d-iv

(B) a-i, b-iii, c-iv, d-ii

(C) a-iii, b-i, c-iv, d-ii

(D) a-iii, b-i, c-ii, d-iv

**12.** 'स्वच्छ भारत मिशन' निम्नलिखित में से किसका हिस्सा है ?

(A) नगरीय भूमि विकास मिशन

(B) नगरीय नवीकरण मिशन

(C) नगरीय गृह विकास अभियान

(D) नगरीय वृक्षारोपण अभियान

**13.** वर्तमान में ग्रैन्ड ट्रंक मार्ग निम्नलिखित में से किन दो शहरों के मध्य विस्तृत है ?

(A) अमृतसर और भुवनेश्वर (B) अमृतसर और कोलकाता

(C) पठानकोट और कोलकाता (D) पठानकोट और भुवनेश्वर

**14.** निम्नलिखित में से कौन-सा 'नमामि गंगे कार्यक्रम' पर लागू ***नहीं*** होता है ?

(A) शहरों में मलजल उपचार (ट्रीटमेंट) की व्यवस्था विकसित करना

(B) नदी तट का विकास करना

(C) औद्योगिक विकास से बचना

(D) नदी के तल की सफाई करना

**10.** Which of the following pair of cities are terminal stations of East-West Corridor in India ?

(A) Imphal and Porbandar

(B) Imphal and Vadodara

(C) Silchar and Vadodara

(D) Silchar and Porbandar

**11.** Match Column I with Column II correctly and choose the appropriate option :

| *Column I (Railway Zone)* | *Column II (Headquarter)* |
|---|---|
| a. Northern | i. Chennai |
| b. Southern | ii. Mumbai |
| c. Eastern | iii. New Delhi |
| d. Western | iv. Kolkata |

**Options :**

(A) a-i, b-iii, c-ii, d-iv

(B) a-i, b-iii, c-iv, d-ii

(C) a-iii, b-i, c-iv, d-ii

(D) a-iii, b-i, c-ii, d-iv

**12.** The 'Swachh Bharat Mission' is part of which one of the following ?

(A) Urban Land Development Mission

(B) Urban Renewal Mission

(C) Urban Housing Development Drive

(D) Urban Plantation Drive

**13.** At present, the Grand Trunk Road extends between which of the following two cities ?

(A) Amritsar and Bhubaneswar (B) Amritsar and Kolkata

(C) Pathankot and Kolkata (D) Pathankot and Bhubaneswar

**14.** Which one of the following is ***not*** applicable to 'Namami Gange Programme' ?

(A) Developing sewerage treatment system in towns

(B) Development of river front

(C) Avoiding industrial development

(D) Cleaning of the river surface

*निम्नलिखित तालिका का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और प्रश्न संख्या **15** से **17** तक के उत्तर लिखिए :*

**भारत के आयात व्यापार की दिशा (₹ करोड़ में)**

| क्षेत्र | आयात | |
|---|---|---|
| | *2010 – 11* | *2016 – 17* |
| यूरोप | 323857 | 403972 |
| अफ्रीका | 118612 | 193327 |
| उत्तरी अमेरिका | 100602 | 195332 |
| लैटिन अमेरिका | 64576 | 115762 |
| एशिया एवं आसियान | 1029881 | 1544520 |

**15.** 2010 – 11 और 2016 – 17 के मध्य निम्नलिखित में से किस क्षेत्र में आयात का अंतर सबसे कम था ?

(A) यूरोप
(B) अफ्रीका
(C) उत्तरी अमेरिका
(D) लैटिन अमेरिका

**16.** 2010 – 11 और 2016 – 17 के मध्य निम्नलिखित में से कौन-सा अफ्रीका के साथ आयात की सही वृद्धि को दर्शाता है ?

(A) ₹ 74,715 करोड़
(B) ₹ 74,315 करोड़
(C) ₹ 74,115 करोड़
(D) ₹ 74,015 करोड़

**17.** 2016 – 17 में विश्व के निम्नलिखित क्षेत्रों को उनके आयात के आधार पर निम्नतर से उच्चतर क्रम में व्यवस्थित कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए :

I. यूरोप
II. अफ्रीका
III. उत्तरी अमेरिका
IV. लैटिन अमेरिका

**विकल्प :**

(A) III, I, IV, II
(B) III, I, II, IV
(C) IV, II, III, I
(D) IV, II, I, III

*Study the following table carefully and answer the question nos.* ***15*** *to* ***17*** *:*

**Direction of India's Import Trade (in ₹ crore)**

| *Region* | *Imports* | |
|---|---|---|
| | *2010 – 11* | *2016 – 17* |
| Europe | 323857 | 403972 |
| Africa | 118612 | 193327 |
| North America | 100602 | 195332 |
| Latin America | 64576 | 115762 |
| Asia and ASEAN | 1029881 | 1544520 |

**15.** Between 2010 – 11 and 2016 – 17, which one of the following regions had the lowest difference in imports ?

(A) Europe
(B) Africa
(C) North America
(D) Latin America

**16.** Which one of the following shows the correct increase in imports with Africa between 2010 – 11 and 2016 – 17 ?

(A) ₹ 74,715 crore
(B) ₹ 74,315 crore
(C) ₹ 74,115 crore
(D) ₹ 74,015 crore

**17.** Arrange the following regions of the world from the lowest to the highest order on the bases of imports during 2016 – 17 and choose the correct option :

I. Europe
II. Africa
III. North America
IV. Latin America

**Options :**


(A) III, I, IV, II
(B) III, I, II, IV
(C) IV, II, III, I
(D) IV, II, I, III

## खण्ड ख

*प्रश्न संख्या **18** एवं **19** स्रोत-आधारित प्रश्न हैं।* *2×3=6*

**18.** दिए गए मानचित्र का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

### डेरी कृषि के क्षेत्र




■ डेरी कृषि क्षेत्र

(18.1) विश्व के सबसे बड़े डेरी कृषि क्षेत्र का नाम लिखिए। *1*

(18.2) दक्षिणी गोलार्द्ध के महत्त्वपूर्ण डेरी कृषि क्षेत्र का नाम लिखिए। *1*

(18.3) डेरी कृषि की प्रमुख विशेषता को स्पष्ट कीजिए। *1*

***नोट :*** *निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या **18** के स्थान पर है।*


विश्व में डेरी कृषि की मुख्य विशेषताओं को उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए। *3*

## SECTION B

*Question nos. **18** and **19** are Source-based Questions.* *2×3=6*

**18.** Study the given map carefully and answer the questions that follow :

**Areas of Dairy Farming**




(18.1) Name the largest dairy farming region of the world. *1*

(18.2) Name the important dairy farming region of southern hemisphere. *1*

(18.3) Explain the main characteristic of dairy farming. *1*

***Note :*** *The following question is for the **Visually Impaired Candidates** only in lieu of Question No. **18**.*

Explain the main characteristics of dairy farming in the world with example. *3*

**19.** दिए गए अनुच्छेद को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

**जल प्रदूषण**

आधुनिक कृषि में विभिन्न प्रकार के रासायनिक पदार्थों का उपयोग होता है जैसे कि अकार्बनिक उर्वरक, कीटनाशक और खरपतवारनाशक आदि जो प्रदूषण उत्पादन करने वाले घटक हैं। इन रसायनों को नदियों, झीलों तथा तालाबों में बहा दिया जाता है। यह सभी रसायन जल के माध्यम से ज़मीन में स्रवित होते हुए भू-जल तक पहुँच जाते हैं। उर्वरक धरातलीय जल में नाइट्रेट की मात्रा को बढ़ा देते हैं। भारत में विनिर्माण और घरेलू अपशिष्ट का अनुपयुक्त निपटान भी जल प्रदूषण का कारण है।

(19.1) जल प्रदूषण में कृषि पद्धतियों के योगदान को स्पष्ट कीजिए। *1*

(19.2) कृषि पद्धतियों में परिवर्तन करके हम किस प्रकार जल प्रदूषण को रोक सकते हैं ? *1*

(19.3) जल प्रदूषण को कम करने के कोई दो उपाय सुझाइए। $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}=1$

**खण्ड ग**

*प्रश्न संख्या **20** से **23** लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं।* *4×3=12*

**20.** 'पर्यावरणीय निश्चयवाद' की अवधारणा की व्याख्या कीजिए। *3*

**21.** (क) "भारत के अनेक नगर बहुप्रकार्यात्मक हैं।" इस कथन का विश्लेषण कीजिए। *3*

**अथवा**

(ख) " 'स्मार्ट सिटी मिशन' का उद्देश्य एक अनुकरणीय मॉडल तैयार करना है।" इस कथन का विश्लेषण कीजिए। *3*

**19.** Read the given passage carefully and answer the questions that follow :

**Water Pollution**

Various types of chemicals used in modern agriculture such as inorganic fertilisers, pesticides and herbicides are pollution generating components. These chemicals are washed down to rivers, lakes and tanks. These chemicals also infiltrate the soil to reach the ground water. Fertiliser induces an increase in the nitrate content of surface waters. Manufacturing and improper domestic waste disposal also cause water pollution in India.

(19.1) Explain the role of agricultural practices in water pollution. *1*

(19.2) How can we check water pollution by changing agricultural practices ? *1*

(19.3) Suggest any two ways to reduce water pollution. $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}=1$

## SECTION C

*Question nos.* ***20*** *to* ***23*** *are Short Answer Type Questions.* *4×3=12*

**20.** Explain the concept of 'environmental determinism'. *3*

**21.** (a) "Many of the towns in India are multifunctional." Analyse the statement. *3*

**OR**

(b) "The objective of the 'Smart Cities Mission' is to create a replicable model." Analyse the statement. *3*


[]

**22.** मानचित्र का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और दिए गए जलमार्ग की निम्नलिखित आधारों पर व्याख्या कीजिए : *3×1=3*

(i) अवस्थिति

(ii) टर्मिनल बिंदु

(iii) महत्त्व




[]

**22.** Study the map carefully and explain the given waterway on the following bases : *3×1=3*

(i) Location

(ii) Terminal points

(iii) Significance



**नोट :** *निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या **22** के स्थान पर है।*

‘वोल्गा नदी जलमार्ग’ के महत्त्व की व्याख्या कीजिए। *3*

**23.** भारत में विनिर्मित वस्तुओं के बढ़ते हुए निर्यात प्रतिरूप की व्याख्या कीजिए। *3*

## खण्ड घ

*प्रश्न संख्या **24** से **28** दीर्घ-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं।* *5×5=25*

**24.** ‘जनांकिकीय संक्रमण सिद्धांत’ के उपयोग का वर्णन कीजिए तथा इसकी विभिन्न अवस्थाओं की व्याख्या कीजिए। *2+3=5*

**25.** (क) इंदिरा गाँधी नहर कमान क्षेत्र में पारिस्थितिक सतत् पोषणीयता प्राप्त करने के लिए उपाय सुझाइए। *5*

**अथवा**

(ख) भरमौर क्षेत्र में ‘समन्वित जनजातीय विकास परियोजना’ से प्राप्त सामाजिक-आर्थिक लाभों की परख कीजिए। *5*

**26.** (क) आकार के आधार पर उद्योगों का वर्गीकरण कीजिए और विनिर्माण उद्योगों के महत्त्व की व्याख्या कीजिए। *3+2=5*

**अथवा**

(ख) विनिर्माण उद्योग क्यों आवश्यक हैं ? स्वामित्व के आधार पर उद्योगों का वर्गीकरण कीजिए और उनकी व्याख्या कीजिए। *2+3=5*

**27.** (क) भारत में वर्षाजल संग्रहण की आवश्यकता एवं विधियों की व्याख्या कीजिए। *2+3=5*

**अथवा**

(ख) भारत में जलसंभर प्रबंधन की आवश्यकता एवं विधियों की व्याख्या कीजिए। *2+3=5*

**28.** (क) “भारत में जनसंख्या वितरण का प्रतिरूप अत्यधिक असमान है।” उदाहरणों सहित इस कथन की पुष्टि कीजिए। *5*

**अथवा**

(ख) “जनसंख्या वृद्धि की प्रावस्था III के दौरान भारत की जनसंख्या में तीव्र वृद्धि हुई।” उदाहरणों सहित इस कथन की पुष्टि कीजिए। *5*

***Note :*** *The following question is for the* ***Visually Impaired Candidates*** *only in lieu of Question No.* ***22****.*

Explain the significance of the 'Volga river waterway'. *3*

**23.** Explain the increasing pattern of exports of manufactured goods in India. *3*

## SECTION D

*Question nos.* ***24*** *to* ***28*** *are Long Answer Type Questions.* *5×5=25*

**24.** Describe the use of 'demographic transition theory' and explain its different stages. *2+3=5*

**25.** (a) Suggest the measures to achieve ecological sustainability in Indira Gandhi Canal Command Area. *5*

**OR**

(b) Examine the socio-economic benefits derived from the 'Integrated Tribal Development Project' in Bharmaur Region. *5*

**26.** (a) Classify industries on the basis of size and explain the significance of manufacturing industries. *3+2=5*

**OR**

(b) Why are manufacturing industries necessary ? Classify industries on the basis of ownership and explain them. *2+3=5*

**27.** (a) Explain the necessity and methods of rainwater harvesting in India. *2+3=5*

**OR**

(b) Explain the need and methods of watershed management in India. *2+3=5*

**28.** (a) "India has a highly uneven pattern of population distribution." Support the statement with examples. *5*

**OR**

(b) "The population of India grew rapidly during phase III of population growth." Support the statement with examples. *5*

## खण्ड ङ

*प्रश्न संख्या **29** एवं **30** मानचित्र-आधारित प्रश्न हैं।* *2×5=10*

**29.** दिए गए **विश्व** के राजनीतिक रेखा-मानचित्र (पृष्ठ 25 पर) पर, सात भौगोलिक लक्षणों को A, B, C, D, E, F और G के रूप में अंकित किया गया है। निम्नलिखित जानकारी की सहायता से किन्हीं ***पाँच*** की पहचान कीजिए और उनके सही नाम समीप खींची गई रेखाओं पर लिखिए। *5×1=5*

A. पार-महाद्वीपीय रेलमार्ग पर एक टर्मिनल स्टेशन

B. एक प्रमुख समुद्री पत्तन

C. एक अंतर्राष्ट्रीय वायु पत्तन

D. लाल सागर को भूमध्य सागर से जोड़ने वाली एक नहर

E. निर्वाहन संग्रहण का एक क्षेत्र

F. चलवासी पशुचारण का एक क्षेत्र

G. विस्तृत वाणिज्य अनाज कृषि का एक क्षेत्र

**नोट :** *निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या **29** के स्थान पर हैं।*

*निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए :* *5×1=5*

(29.1) पार-कैनेडियन रेलमार्ग के पश्चिमी टर्मिनल स्टेशन का नाम लिखिए।

(29.2) उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ यमन में प्रमुख समुद्री पत्तन स्थित है।

(29.3) संयुक्त राज्य अमेरिका के उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ एक अंतर्राष्ट्रीय वायु पत्तन स्थित है।

(29.4) उस नहर का नाम लिखिए जो लाल सागर को भूमध्य सागर से जोड़ती है।

(29.5) दक्षिणी अमेरिका में निर्वाहन संग्रहण के एक क्षेत्र का नाम लिखिए।

(29.6) अफ्रीका में चलवासी पशुचारण के एक क्षेत्र का नाम लिखिए।

(29.7) ऑस्ट्रेलिया के विस्तृत वाणिज्य अनाज कृषि क्षेत्र का नाम लिखिए।

## SECTION E

*Question nos. **29** and **30** are Map-based Questions.* *2×5=10*

**29.** On the given political outline map of the **World** (on page 25), seven geographical features have been marked as A, B, C, D, E, F and G. Identify any ***five*** with the help of the following information and write their correct names on the lines drawn near them. *5×1=5*

A. A terminal station on Trans-Continental Railway

B. A major sea port

C. An international airport

D. A canal connecting Red Sea with Mediterranean Sea

E. An area of subsistence gathering

F. An area of nomadic herding

G. An area of extensive commercial grain farming

***Note :*** *The following questions are for the **Visually Impaired Candidates** only in lieu of Question No. **29**.*

*Answer any **five** questions out of the following :* *5×1=5*

(29.1) Name the western terminal station of Trans-Canadian Railway.

(29.2) Name the place where a major sea port is located in Yemen.

(29.3) Name a place in United States of America where an international airport is located.

(29.4) Name the canal which links Red Sea with Mediterranean Sea.

(29.5) Name an area of subsistence gathering in South America.

(29.6) Name an area of nomadic herding in Africa.

(29.7) Name an extensive commercial grain farming region of Australia.

**30.** दिए गए **भारत** के राजनीतिक रेखा-मानचित्र (पृष्ठ 27 पर) पर, निम्नलिखित सात भौगोलिक लक्षणों में से किन्हीं ***पाँच*** को उपयुक्त चिह्नों द्वारा अंकित कीजिए और उनके नाम लिखिए : *5×1=5*

(30.1) सबसे कम जनसंख्या घनत्व (2011) वाला राज्य

(30.2) कॉफी उत्पादन में अग्रणी राज्य

(30.3) पश्चिमी महाराष्ट्र में स्थित लौह-अयस्क की खानें

(30.4) मध्य प्रदेश में स्थित बॉक्साइट की खानें

(30.5) बिहार में एक तेल शोधन कारखाना

(30.6) महानदी डेल्टा पर स्थित एक प्रमुख समुद्री पत्तन

(30.7) केरल में एक अंतर्राष्ट्रीय वायु पत्तन

**नोट :** *निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या **30** के स्थान पर हैं।*

*निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर लिखिए :* *5×1=5*

(30.1) सबसे कम जनसंख्या घनत्व (2011) वाले राज्य का नाम लिखिए।

(30.2) कॉफी के उत्पादन में अग्रणी राज्य का नाम लिखिए।

(30.3) पश्चिमी महाराष्ट्र में उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ लौह-अयस्क की खानें स्थित हैं।

(30.4) मध्य प्रदेश में बॉक्साइट खानों के एक स्थान का नाम लिखिए।

(30.5) बिहार में उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ तेल शोधन कारखाना स्थित है।

(30.6) महानदी डेल्टा पर स्थित प्रमुख समुद्री पत्तन का नाम लिखिए।

(30.7) केरल में उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ एक अंतर्राष्ट्रीय वायु पत्तन स्थित है।

**30.** On the given political outline map of **India** (on page 27), locate and label any ***five*** of the following seven geographical features with appropriate symbols : *5×1=5*

(30.1) The state with lowest density of population (2011)

(30.2) The state leading in the production of Coffee

(30.3) Iron-ore mines located in Western Maharashtra

(30.4) Bauxite mines located in Madhya Pradesh

(30.5) An oil refinery in Bihar

(30.6) A major sea port situated on Mahanadi delta

(30.7) An international airport in Kerala

***Note :*** *The following questions are for the **Visually Impaired Candidates** only in lieu of Question No. **30**.*

*Answer any **five** questions out of the following :* *5×1=5*

(30.1) Name the state having lowest density of population (2011).

(30.2) Name the state leading in the production of Coffee.

(30.3) Name the place where iron-ore mines are located in Western Maharashtra.

(30.4) Name one place of bauxite mines in Madhya Pradesh.

(30.5) Name the place where an oil refinery is located in Bihar.

(30.6) Name the major sea port situated on Mahanadi delta.


(30.7) Name the place where an international airport is located in Kerala.

प्रश्न संख्या 29 के लिए

For question no. 29

विश्व–राजनीतिक

WORLD-POLITICAL



प्रश्न संख्या 30 के लिए

**For question no. 30**

